नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 223 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, बुधवार 22 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -3 पर
खिलोरा में किया गया स्काउट गाइड कार्यशाला सह योग शिविर का ...

पेज -4 पर
दिव्यांग शिल्पी ने भेंट में दी कलेक्टर को काष्ठ कृति

एक नजर

छत्तीसगढ़ में कम हुआ कोरोना का संक्रमण

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना के मामलों में फिर से गिरावट नजर आई है। सोमवार को प्रदेश भर में 69 नए मामले सामने आए। अब प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर एक प्रतिशत से नीचे आ गई है। शनिवार को 6372 सैंपल की जांच में 94 संक्रमित और रविवार को 2448 नमूने जांच में 46 मरीज मिले थे। इसके चलते शनिवार को संक्रमण दर 1.48त्न और रविवार को 2.05त्न तक पहुंच गई थी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से देर रात जारी बुलेटिन के मुताबिक सोमवार को दिन भर में कोरोना संदिग्धों के 7477 नमूनों की जांच की गई। इस दौरान 69 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह कोरोना संक्रमण की दर 0.92त्न रह गई है। सोमवार को कोरोना की वजह से किसी मरीज की मौत की रिपोर्ट नहीं है। कोरोना संक्रमण के सभी मामले प्रदेश के 16 जिलों से आए हैं। सबसे अधिक 16 मरीज रायपुर जिले में ही मिले हैं। दुर्ग में 11, कोरबा में 9 और सरगुजा में 6 मरीजों का पता चला है। इधर बलरामपुर में 4, बस्तर, जशपुर, सूरजपुर, बलौदा बाजार और राजनांदगांव में 3-3 मरीज मिले हैं।



योग मनुष्य की शारीरिक, मानसिक ऊर्जा बढ़ाता है-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में योगाभ्यास

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में प्रात: योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए लोगों से योग को अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन की एकाग्रता बढ़ती है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है स्वस्थ रहना। योग मनुष्य की शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है। हम भी अपने जीवन में योग को जोड़े और रोग दूर भगाएं। योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि ये एक ऊर्जा के रूप में काम करता है।

आप योग को अपनाकर पूरी उम्र सेहतमंद और बीमारियों से बचे रह सकते हैं। कोरोना काल में यह स्पष्ट हो गया है कि केवल धन-संपदा ही महत्वपूर्ण नही है, बल्कि स्वस्थ तन और स्वस्थ मन दोनों की आवश्यकता होती है। इसलिए तंदुरूस्त रहने के लिए नियमित योग बहुत जरूरी है। योग हमारी प्राचीन परंपरा है। यदि हम सब नियमित रूप से योग करें तो तन भी स्वस्थ रहेगा और मन भी स्वस्थ रहेगा। जीवन में सकारात्मकता आएगी। इसलिए योग नियमित करें, इसका लाभ उठाएं। श्री बघेल ने कहा कि तन और मन दोनों स्वस्थ रहेंगे तो हम किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में हमने सिर्फ भौतिक साधनों को ही सफलता का पैमाना मान लिया है, जबकि स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के बिना हर सफलता अधूरी है। कोरोना-संकट के दौर में योग की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है।

छत्तीसगढ़ के सीएम समेत मंत्री गिरफ्तार

ईडी के खिलाफ प्रदर्शन के लिए जा रहे नेताओं समेत कांग्रेसी गिरफ्तार

सीएम का आरोप, फोन टेप हो रहे

नई दिल्ली। 21 जून 2022। इस वक्त की बड़ी खबर दिल्ली से आ रही है। ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व छतीसगढ़ के मंत्रियों को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है। आज ही ईडी के खिलाफ प्रदर्शन के लिए विधायक दिल्ली पहुंचे हैं।

जानकारी के अनुसार आज राहुल गांधी से नेशनल हेराल्ड के मामले में ईडी पूछताछ की जा रही है। पूछताछ का आज पांचवा दिन है। ईडी की पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री भूपेश दो दिनों से दिल्ली में है। आज सारे विधायक मंत्री भी दिल्ली पहुँचे है। बताया जाता है कि कई विधायको को एआईसीसी के बाहर से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। तो वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पार्लियामेंट के रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राहुल गांधी देश के जवानों व किसानों की बात करते हैं इसलिए उन्हें 5 दिनों से केंद्रीय एजेंसी का प्रयोग कर पूछताछ किया जा रहा है। पांच सवाल पूछने के लिये इन्हें 5 दिन लग गया। केंद्र कांग्रेस शासित राज्यो की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। राजस्थान, महाराष्ट्र के बाद अगली बारी छतीसगढ़ की है। यहां के नेताओ के फोन केंद्र सरकार अवैध रूप से टैप करवा रही है। मुख्यमंत्री समेत सभी को गिरफ्तार कर बस में बैठा लिया गया है।

चाकू दिखाया तो पीट-पीट कर मार डाला

रंजीत हत्याकांड में 6 गिरफ्तार,आरोपियों का मुंह काला कर निकाला जुलूस;कान पकड़कर बोले- पुलिस हमारी बाप है

भिलाई। छत्तीसगढ़ के भिलाई में 2 दिन पहले हुए रंजीत हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों ने बेसबॉल बैट, लात-घूंसों और चाकू से मारकर रंजीत की हत्या कर दी थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों का मुंह काला कर उनका जुलूस निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने उनसे कान पकड़कर उठक-बैठक भी कराई। इस दौरान आरोपी नारे लगाते रहे कि अपराध करना पाप है, पुलिस हमारा बाप है।

जानकारी के मुताबिक, साईं नगर निवासी रंजीत सिंह (20) 19 जून की देर रात करीब 12 बजे अपने दो दोस्तों शुभदीप और पीटर के साथ साईं मंदिर के पास बैठा था। तभी कैंप-1 निवासी सोना उर्फ जोश अब्राहम, गणेश्वर उर्फ अमन भारती उर्फ टिम्पू, बिसेलाल भारती उर्फ छोटू, भूपेंद्र साहू, निखिल साहू, इंदिरा नगर, सुपेला निवासी पिंटू उर्फ प्रीतम सिंह, चिकी निखिल और BJP से निकाले गए लोकेश पांडेय की फॉरच्यूनर कार व बाइक से वहां पहुंच गए।

भ्रष्टाचार में महिला सरपंच बर्खास्त

चुनाव लड़ने पर भी रोक-मनरेगा में फर्जी मस्टररोल बनाकर किया 21 हजार का गबन; 6 साल के लिए अयोग्य

तखतपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जनपद पंचायत तखतपुर के जुनापारा ग्राम की महिला सरपंच गीता मोतीलाल चतुर्वेदी को मनरेगा में भ्रष्टाचार के चलते बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही उन्हें 6 साल के लिए अयोग्य भी घोषित कर दिया है। सरपंच गीता पर क्वारैंटाइन सेंटर में रह रहे मजदूरों और अस्पताल में काम कर रहे कर्मचारियों के नाम से फर्जी मस्टररोल बनाकर गबन करने का आरोप था। जांच में सही मिलने के बाद SDM ने कार्रवाई की है।

दरअसल, मस्टर रोल में स्थानीय निवासी रामेश्वर का नाम भी था, लेकिन उसने काम ही नहीं किया था। इस पर रामेश्वर ने सरपंच गीता चतुर्वेदी के खिलाफ शिकायत की। इसमें बताया कि सरपंच ने मिट्टी-मुरूम सड़क निर्माण कार्य बालक के घर से कठमुड़ा रैय्यत तक 700 मीटर और बरगन में छोटा तालाब गहरीकरण कार्य कराने का मस्टर रोल तैयार किया। जबकि कठमुड़ा रैय्यत में काम कराया ही नहीं गया। वहीं मस्टर रोल भी फर्जी बनाया।

क्वारैंटाइन मजदूरों और होटल कर्मचारियों के नाम डाले

आरोप लगाया कि मस्टर रोल में क्वारैंटाइन सेंटर में रह रहे प्रवासी मजदूरों और हॉस्पिटल में कार्य कर रहे कर्मचारियों व अन्य के नाम दर्ज किए गए हैं। इस पर जनपद पंचायत की ओर से मामले की जांच कराई गई। इसमें पता चला कि जय लाल का नाम मस्टर रोल में 10 मार्च 2020 से 15 मार्च 2020 तक किए गए कार्य में दर्ज था, पर उसने किया ही नहीं था। रामेश्वर के साइन फर्जी मिले। जबकि हेमंत मरावी मनरेगा कार्य के दौरान अस्पताल में काम कर रहा था।

पटाखा चोरी का आरोपी पटाखा के साथ गिरफ्तार

कांकेर । जिले के डेली मार्केट के पटाखा दुकान से पटाखों की चोरी मामले में प्रार्थी पीयूष वालेचा निवासी कांकेर ने थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पटाखा दुकान में रखे फटाखो को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया, प्रार्थी ने चोरी के पटाखों की कीमत 13 हजार होना बताया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया आरोपी अक्षय रमन पिता तुषार राजेश रमन उम्र 22 निवासी मसीहपारा मनकेसरी के कब्जे से घर में रखा पटाखा जप्त किया गया एवं कुछ पटाखे को आरोपी ने विक्रय करना बताया। पटाखे क्रय करने वाले की संलिप्तता पाए जाने पर उसके विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी आरोपी अक्षर रमन को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

निरंतर योगाभ्यास से मिलती है शारीरिक एवं मानसिक रोग से मुक्ति - मंत्री अनिला भेंड़िया

गंगा मैया मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 'मानवता के लिए योग' थीम पर आज बालोद जिले के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास किया गया। जिला स्तरीय योग कार्यक्रम जिला मुख्यालय बालोद के समीप ग्राम झलमला में स्थित गंगा मैया मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया शामिल हुई। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। श्रीमती भेंड़िया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति में आदि काल से चला आ रहा है। योग जीवन की सभी अवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। निरंतर योग करने, ध्यान लगाने से शारीरिक एवं मानसिक रोग से मुक्ति मिलती है। शरीर और मन स्वस्थ रहता है। संजारी-बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा और कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता साहू, सरपंच ग्राम पंचायत झलमला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भोरमदेव मंदिर के समीप महोत्सव स्थल में राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक योग प्रदर्शन

देश के 75 आईकॉनिक स्थलों में शामिल हुआ छत्तीसगढ़ का भोरमदेव मंदिर

रायपुर। आठवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, जन आस्था के केन्द्र और पर्यटन स्थल भोरमदेव मंदिर परिसर के समीप महोत्सव स्थल में राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया।

यहां लगभग 3000 से अधिक लोगों ने एक साथ योग कर शरीर को स्वस्थ एवं निरोग बनाने और योग को अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री जनजाति विकास राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह शामिल हुई।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

उल्लेखनीय है कि आजादी के 75 वें वर्षगांठ को भारत सरकार द्वारा अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस अमृत महोत्सव को आठवे अंतराष्ट्रीय योग दिवस से जोड़ते हुए 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास के लिए देश के 75 आईकॉनिक स्थलों का चयन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ का भोरमदेव मंदिर भी शामिल हुआ। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्रीमती यतीन्द्र प्रसाद, उप सचिव भारत सरकार श्री मनोज कुमार सिंह, आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग श्रीमती शम्मी आबिदी, कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा, भारतीय पर्यटन मंत्रालय के सहायक संचालक श्रीमती भावना शिंदे, पर्यटन अधिकारी भारत सरकार श्रीमती गौरी आपटे, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री अनिल कुमार साहू, विशेष रूप से शामिल हुए।

एक साथ 3000 से अधिक लोगों ने योग किया और इसे जीवन में अपनाने का संकल्प लिया

58 गांव के लोगों को भारी परेशानी, अब फूटा गुस्सा

आदिवासी महासभा ने NMDC के खिलाफ खोला मोर्चा; पानी, सड़क और रोजगार देने की मांग

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा में आदिवासी महासभा ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर NMDC के खिलाफ मोर्चा खोला है। पानी, सड़क, बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने और स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग की है। आदिवासियों ने कहा कि, NMDC किरंदुल-बचेली में पहाड़ों को खोदकर रोजाना करोड़ों रुपए का कच्चा लोहा निकाला जा रहा है। लेकिन, पहाड़ के नीचे बसे गांवों में विकास नहीं कर रही है। इसी के विरोध में सैकड़ों आदिवासियों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। आदिवासी महासभा के अध्यक्ष सुदरु कुंजाम ने कहा कि, बैलाडीला की पहाड़ी के नीचे बसे 58 गांवों के ग्रामीण मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। NMDC अस्पताल जाते हैं तो डॉक्टर इलाज करने की बजाय रेफर कर देते हैं। आदिवासियों के साथ भेदभाव किया जाता है। साल 2010 में NMDC के एक अनुबंध हुआ था कि स्थल से लेकर पॉलिटेक्निक कॉलेज की डिग्री तक एक मॉडल एकेडमी स्कूल का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए जगह का भी चयन किया गया था।

आखिर कैसे स्थापित होगी सामाजिक समरसता और शांति ?

भारत इन दिनों आपत्तियों और हिंसक प्रदर्शनों से जूझ रहा है। ये सब एक खबरिया चैनल के चर्चा कार्यक्रम से शुरू हुआ। ज्ञानवापी मंदिर मस्जिद प्रकरण में हो रहे बहस के बीच पैगम्बर मोहम्मद के बारे में एक उत्तेजनापूर्ण बयान आया। यह बयान कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेत्री नूपुर शर्मा द्वारा दिया गया था। जिसके बाद से चारों तरफ तूफान उमड़ पड़ा है। सांस्कृतिक थाती विरासतों को उनके मूल रूप में लौटाए जाने का मुद्दा कही पीछे छूट चुका है।

अब चर्चा में न काशी और ना ही मथुरा है। कश्मीर मे आए दिन हो रही हिंदुओं की सुनियोजित हत्या भी फिलहाल चर्चा का मुद्दा नहीं रहा। नूपुर के बयान के बाद केवल विमर्श ही नहीं बदला है बल्कि मुस्लिम देशों से हमारे रिश्तों में भी तल्खी आई है।

सोशल मीडिया पर पूरे प्रकरण के ट्रेंड करने के बाद से इन मुल्कों में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार और भारत एवं भारतीयों के प्रति दुर्भावना भी देखने को मिली है। ऐसे में भारत के सहयोग, आपसी व्यापार और कुशल भारतीय कामगारों के भरोसे चलने वाले मुल्क भी अब भारत पर सवाल खड़ा कर रहे है। इनमें भारतीय पर्यटक और पानी पर निर्भरता वाले मालदीव भी है।

इधर, भारतीय खाद्य सामग्रियों के आवक और भारत में बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने वाले मुल्क भी हैं। बाकियों को छोड़ दें तब भी अकसर प्रतिबंधों को झेलने वाले ईरान के साथ भारत सहयोग में खड़ा रहा है। मलेशिया से लेकर साउदी तक के हर मुस्लिम देश से भारत के व्यावसायिक रिश्ते रहे हैं। इंडोनेशिया से सांस्कृतिक तो मिस्र और तुर्किया से गुटनिरपेक्ष आंदोलन का वर्षों पुराना नाता रहा है। जबकि बांग्लादेश का अस्तित्व अस्मिता ही भारत के दम पर है।

भारत एक लोकतांत्रिक देश और धार्मिक स्वतंत्रता

ये सभी देश जानते हैं की भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां सभी को अपने विचार रखने और अपनी आस्था के अनुसार उपासना की पूरी छूट है। इसके बावजूद इस बयान के बहाने ये मुल्क भी भारत पर आक्रामक हैं। जबकि चीन से लेकर रूस तक

समाज और धार्मिक सौहार्द्र

> भारत इन दिनों आपत्तियों और हिंसक प्रदर्शनों से जूझ रहा है। ये सब एक खबरिया चैनल के चर्चा कार्यक्रम से शुरू हुआ। ज्ञानवापी मंदिर मस्जिद प्रकरण में हो रहे बहस के बीच पैगम्बर मोहम्मद के बारे में एक उत्तेजनक बयान आया। यह बयान कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेत्री नूपुर शर्मा द्वारा दिया गया था। जिसके बाद से चारों तरफ तूफान उमड़ पड़ा है। सांस्कृतिक थाती विरासतों को उनके मूल रूप में लौटाये जाने का मुद्दा कही पीछे छूट चुका है।

मुस्लिम उत्पीड़न की खबरें अक्सर आती रहती हैं। चेचन्या और सिक्यांग में तो शासन द्वारा दमन एवं नरसंहार होते रहते हैं। इसके बावजूद मुसलमानों के रहनुमा खामोश रहते हैं।

दरअसल, नागरिक अधिकार, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में इस्लामिक मुल्कों का अतीत संदेह के घेरे में रहा है। ये सोच एवं व्यवहार के स्तर पर साम्यवादी चीन के समान है। अपने विचारों के अलावा किसी भी और धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधि की इजाजत नहीं देते हैं। दुबई और अबू धाबी जैसे अरेबियन नगर महज अपवाद हैं। जहां व्यापारिक उद्देश्यों के नाते बहुसांस्कृतिक गतिविधियों की सीमित छूट दी गई है। वैसे इस पूरे प्रकरण के कई पक्ष और आयाम हैं। ये विश्वव्यापी विरोध और हिंसक प्रदर्शन कतई स्वाभाविक नहीं है। इसे महज पाकिस्तान द्वारा रचा और मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी के बयानों से भड़काया बता खारिज नहीं किया जा सकता है। वास्तव में इसके पीछे के मानस को समझने बुझने की भी जरूरत है। अगर इसका विचार करें तो निश्चित रूप से इसके पीछे मुस्लिम संगठनों का बड़ा हाथ है।

पहले इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डालकर प्रचारित किया गया। फिर कतर, कुवैत और ईरान की आपत्तियों को आधार बना कर लोगों को विरोध के लिए उकसाया गया। जहां बड़े मुस्लिम उलेमाओं ने इसके लिए माहौल बनाया। वहीं मौलवियों ने स्थानीय मस्जिद मदरसों के माध्यम से इसे हिंसक प्रदर्शनों मे बदल दिया, जिसकी परिणिति सर धर से कलम जैसे नारे हैं। आखिर एक लोकतांत्रिक देश में किसी समुदाय को लोगों की जान लेने का अधिकार कैसे है? दरअसल, ये कोई पहली घटना नहीं है। संविधान और व्यवस्थाओं को धता बताते हुए पहले भी डर का देशव्यापी माहौल खड़ा किया गया है। नागरिकता कानून से जुड़े एनआरसी और सीएए के मसले पर ऐसा हो चुका है। किंतु इनके ऊपर कोई सवाल ना उठाये अन्यथा ये हत्या फतवों से लेकर सामूहिक संहार तक कुछ भी कर सकते हैं।

अमिय भूषण

संपादकीय

सभी अग्निवीरों को नौकरी देने के खतरे

यह केंद्र सरकार का सिग्नेचर तरीका बन गया है कि पहले कोई फैसला कर ले, उसे जोर जबरदस्ती लागू कर दे और फिर उसमें सुधार-संशोधन करे। याद करें कैसे नोटबंदी के समय फैसला पहले लागू हुआ और उसके बाद हर दिन नई अधिसूचना जारी होने लगी थी। ऐसे ही आधी रात को संसद का सत्र बुला कर जीएसटी लागू किया गया और उसके बाद दर्जनों संशोधन हो चुके। हड़बड़ी में लागू किया गया कृषि कानून तो पूरा ही वापस लेना पड़ गया था और संशोधित नागरिकता कानून अभी तक लागू नहीं हो पाया है। वहीं स्थिति अग्निपथ योजना की दिख रही है। केंद्र सरकार ने आनन-फानन में इस योजना को लागू करने की घोषणा कर दी और उसके बाद से लगातार सुधार किए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की बहाली में पहले साल दो वर्ष की छूट देने की घोषणा की है। इससे पहले साल प्रतिभागियों की संख्या बहुत ज्यादा हो जाएगी। तभी उसी अनुपात में अगर सरकार पहले साल के लिए सीटों की संख्या भी बढ़ा दे इसका फायदा होगा। इसके बाद से सरकार के हर विभाग अलग अलग घोषणा कर रहे हैं कि चार साल के बाद रिटायर होने वाले अग्निवीरों को नौकरी देंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अर्धसैनिक बलों में 10 फीसदी आरक्षण का ऐलान किया है तो रक्षा मंत्रालय ने भी 10 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है।

राजनीति के अग्निपथ पर राहुल-प्रियंका से आगे निकले वरुण

हिंदू-मुस्लिम विवाद, कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी पंडितों और दूसरे लोगों की निशानदेही हत्याओं और पैगंबर मुहम्मद साहब को लेकर दो भाजपा प्रवक्ताओं द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी और उसके बाद अरब देशों की तीखी प्रतिक्रिया और उसके दबाव में बयान देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बावजूद देश के कई हिस्सों में हिंसा के बाद देश का माहौल सेना में नई भर्ती नीति अग्निपथ के विरोध की आवाजों से गर्म है।

सरकार और सेना के अधिकारी विरोध की इस आंच पर अग्निपथ योजना के तमाम फायदों के छींटे डालकर उसे ठंडा करने की कोशिश की है। इन सारे शोर शराबे के बीच नेहरू गांधी परिवार के तीनों सियासी वारिस यानी तीनों गांधीवीर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और वरुण गांधी भी अपनी राजनीति के अग्निपथ पर चल पड़े हैं। राहुल और प्रियंका जहां पिछली कई चुनावी विफलताओं की लहरों के थपेड़ों से डगमगाती कांग्रेस की जर्जर नाव को संभालने में जुटे हैं, वहीं वरुण भाजपा के भारी भरकम जहाज पर सवार तो हैं लेकिन सियासी तूफान की तमाम चुनौतियों का सामना खुद करने के लिए उस जहाज से अगर कूदना भी पड़े तो उसकी तैयारी उन्होंने शुरू कर दी है। जहां राहुल और प्रियंका के पीछे पूरी कांग्रेस पार्टी की ताकत है, वहीं वरुण खुद अपनी ताकत बन रहे हैं और युवा राजनीति के एक नए ध्रुव के रूप में उभर रहे हैं। राहुल प्रियंका की बात को देश में दूर-दूर तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस का पूरा सूचना और प्रचार तंत्र जुटा है। वहीं वरुण अपने अकेले दम पर एक तरफ अपनी ही पार्टी की सरकार से लगातार सवाल कर रहे हैं बल्कि सोशल मीडिया के जरिए अपनी बात भी सफलतापूर्वक लोगों तक पहुंचा रहे हैं। पिछले करीब डेढ़ साल से किसान आंदोलन से लेकर युवाओं के असंतोष तक को स्वर देने में वरुण ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। वह युवा राजनीति का एक नया ब्रांड बनते जा रहे हैं। पिछले कुछ सालों में बेरोजगारी ने युवाओं के भीतर जो तूफान पैदा किया है, केंद्र सरकार की सेना भर्ती की नई अग्निपथ नीति ने उस ज्वाला को और भड़का दिया। अब नेहरू-गांधी परिवार के ये तीनों गांधीवीर इस युवा तूफान को अपने साथ जोड़ने में जुट गए हैं। जहां कांग्रेस ने बेहद सियासी होशियारी से राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की होने वाली पूछताछ को लेकर जो सत्याग्रह शुरू किया था, उसे अग्निपथ के खिलाफ आंदोलनरत अग्निवीरों के गुस्से से जोड़ने की कोशिश की है। वहीं वरुण ने न सिर्फ लगातार बेरोजगारी को लेकर अपनी ही पार्टी की केंद्र सरकार को सवालों के घेरे में लिया, बल्कि सोशल मीडिया पर अपनी आक्रामकता से बेरोजगारी को एक बड़ा मुद्दा बना दिया। जिसके दबाव में प्रधानमंत्री मोदी ने अगले एक साल में दस लाख सरकारी नौकरियां देने की घोषणा की। इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देने के बाद वरुण यहीं नहीं रुके। उन्होंने अग्निवीरों के मुद्दे पर अपना हस्तक्षेप लगातार जारी रखा। पहले उन्होंने आंदोलनकारी युवाओं से शांति और अहिंसा का रास्ता अपनाने की अपील की, तो दूसरी तरफ पीलीभीत के भाजपा सांसद ने अपने ही दल के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को उनके इस बयान पर आड़े हाथों लिया, जिसमें विजयवर्गीय यह कहते हुए सुने गए कि अगर भाजपा कार्यालय में सुरक्षा गार्ड रखने की जरूरत हुई तो वह सेना से आए हुए अग्निवीरों को प्राथमिकता देंगे।

विनोद अग्निहोत्री

कुरुक्षेत्र

> पिछले कुछ समय से वरुण ने आर्थिक तौर पर कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों और बेरोजगार युवाओं के हक की आवाज उठानी शुरू की। एक तरफ तो वह लगातार ट्वीट कर बेरोजगार युवाओं के मुद्दों को सार्वजनिक विमर्श में लाते रहे हैं और उनके लिए बेहतर नौकरियों के अवसर खोलने की मांग करते रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ वरुण उन जरूरतमंद युवाओं की आर्थिक मदद भी कर रहे हैं, जो किसी कारणवश प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए जाने में असमर्थ हैं...

मिला जुला

सामुदायिक रेडियो संवाद ने आयोजित किया विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय का सामुदायिक रेडियो, रेडियो संवाद 90.8 मे.ह. योग को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार कर रहा है। केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा योग के महत्व और इसके लाभ को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का आयोजन व प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को विभिन्न स्कूलों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम कांदूल शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला एवं ग्राम काठाडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के साथ योगाभ्यास किया गया। इस वर्ष यूनाइटेड नेशन के द्वारा मानवता के लिए योग थीम को चुना गया है। वहीं योग को जनमानष तक पहुंचाने के लिए रायपुर के विभिन्न निजी स्कूलों में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नया रायपुर के आदर्श इंटरनेशनल स्कूलए महावीर नगर के श्री नारायणा किड्स एकेडमी, बोरियाकला के श्री नारायण गुरु पब्लिक स्कूल, मोवा, देवेन्द्र नगर, टाटीबंध के आदर्श विद्यालय में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं सामुदायिक रेडियो संवाद 90.8 मे.ह. द्वारा योग के प्रचार-प्रसार संयोजक डॉ. राजेंद्र मोहंती ने बताया कि यह दूसरा वर्ष है जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिससे लोगों में योग के प्रति रूचि बढ़ सके और लोगों को शारीरिक व मानसिक लाभ मिल सके।

योगाभ्यास काठाडीह स्कूल के शिक्षक रमाकांत यादव, केटीयू के अतिथि प्राध्यापक अमित चौहान, कांदूल स्कूल के शिक्षक सत्तू कुमार यादव के प्रशिक्षण व मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में ग्राम काठाडीह की सरपंच पार्वती यादवए, उपसरपंच हेमलता साहू, सचिव मणिलाल परमार, पंच पुरूषोत्तम यादव, ईश्वरी विश्वकर्मा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका मीरा श्रीवास एवं समस्त स्टाफ व कांदूल ग्राम के सरपंच अश्वन लहरे, उपसरपंच शिवराम धनकर, मा. शाला के हेडमास्टर लेखपाल साहू, शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक संतोष कुमार वर्मा एवं स्कूल के समस्त स्टाफ, विश्वविद्याल के जनसंचार विभाग के अतिथि प्राध्यापक विनोद सावंत एवं विश्वविद्यालय के छात्र बड़ी तादात में उपस्थित रहे।

बाबा का तीसरा प्रयोग माहुलकोट के चैतन्य धाम में योगा का बड़ा आयोजन

योग शिक्षक उपस्थिति में अनुयायी और ग्रामीणों के साथ किया योग

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

कांडसर आश्रम के अलेख संत बाबा उदयनाथ के राजनिती में रूचि के बाद क्षेत्रभर के उनके अनुयायी और समर्थक कार्यक्रमो का आयोजन कर बाबा को राजनिती में आगे ला रहे है। बाबा का ये तीसरा बड़ा आयोजन है पहले आयोजन में बाबा उदयनाथ ने एक बड़ी बैठक कर गौ आधारित कार्यक्रम के राजनिति प्रवेश की इच्छा जाहिर कर दिया तो वही स्वच्छ भारत अभियान के तहत अनुयायीयों के साथ नगर की सफाई कर दूसरा बड़ा आयोजन कर स्वच्छता का संदेश दिया अब बाबा विश्व योगा दिवस पर आदर्श कृषि गांव माहुलकोट के चैतन्य धाम में योग शिक्षक कन्हैया साहू के उपस्थिति में योग प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर माहुलकोट में भागीरथी मांझी,कुंजबिहारी बेहेरा बोधन नायक गौरीशंकर कश्यप सहित डोंगरीगुडा, लदरा,चिचिया बरबहली गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुये।

बाबा ने कहा हमारे अनुयायी दण्ड प्रणाम कर रोज करते हैं योग

पतंजली योग पीठ के प्रशिक्षित योग शिक्षक कन्हैया साहू ने दो घंटे तक विभिन्न योग कराकर उपस्थित लोगो को योग शिक्षा दिया वही योग को लेकर बाबा उदयनाथ का कहना है योग संतो के आचरण में होता है हमारे अनुयायी रोज सुबह शाम सूर्य नमस्कार करते है इसलिये संत हमेशा स्वस्थ्य रहते है।

अतिथियो को पत्ते की टोपी पहनाकर किया स्वागत

बाबा माहुलकोट के योग शिविर में पहुंचे अतिथियो को पत्ते का टोपी पहनाकर स्वागत किया फि र चैतन्यधाम में पंड़ित कुंजबिहारी बेहेरा से मंत्रोपचार के साथ पूजा पाठ कराकर योग को शुरू करवाया। बाबा उदय नाथ के चाहने वालो में से बोधन नायक का कहना है राजनिती में अब संतो की जरूरत है जिस तरह से हिन्दुओं को धर्म परिवर्तन कराकर इसाईयत का प्रचार हो रहा है उसके रोक के लिये संतो का राजनीती में होना आवश्यक हो गया है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मण्डल ने रतनपुर स्थित हाथी किला में योग शिविर का आयोजन किया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मण्डल ने रतनपुर किले में एक दिवसीय योग अभ्यास का कार्यक्रम करवया। 21जून 2022 की सुबह से ही रतनपुर के नागरिक इस आयोजन में शामिल होने पहुंचने लगे। रतनपुर में संचालित विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के राष्ट्रीय सेवा योजना की रतनपुर इकाई से लगभग 100 बच्चों ने योग अभ्यास में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षक संजीव कुमार यादव ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाया तथा इनके फायदे के बारे में भी बताया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मण्डल से डॉ. हैग्रिव परिहर, एच स चौधरी,आशीष कुमार मिश्रा,पुष्पदीप तिवारी,राजेश कुमार,बलदेव प्रसाद,उइके,पवन विश्वकर्मा,अनिता पटेल,मनोज यादव और अन्य कर्मचारीगण ने इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मण्डल ने सभी को योगा मैट एवं टी शर्ट का वितरण किया। योग अभ्यास के पश्चात योग के फायदा को लेकर लोगों को जागरुक किया गया।

खुले हुए बोरवेल्स को तत्काल करें बंद-कलेक्टर

कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में खुले हुए तथा अनुपयोगी बोरवेल्स को तत्काल बंद करने के निर्देश दिये है। आज आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने खुले हुए बोरवेल्स के कारण किसी अनहोनी या दुर्घटना होने की संभावना को रोकने के लिए ऐसे बोरवेल्स को बंद करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। जिलाधीश ने जिले में गांववार सर्वे कर खुले बोरवेल्स का पता लगाने तथा उन्हे बंद करने के निर्देश सभी निर्माण एजेंसियों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिये है। साथ ही इसकी नियमित समीक्षा करने और पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने के भी निर्देश दिये है। कलेक्टर ने आज जनता से अपील किए है कि वे असफल बोर को खुला न छोड़ें उसे ढककर या मिट्टी का भराव करें ताकि जन हानि की न हो। समय सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने महिला समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादो को बढावा देने तथा महिला समूहों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने उन्होने सी.मार्ट में उपलब्ध होने वाले उत्पादों की लिस्ट तथा उत्पादों की मूल्य आदि के बारे में जानकारी ली। साजा विकासखण्ड के ग्राम महीदही भैंसामुड़ा में महिला समूह द्वारा निर्मित अरहर दाल की खपत स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल, उप जेल बेमेतरा में करने के निर्देश दिए। समय सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कोविड टीकाकरण से छूटे हुए लोगों को कोविड वैक्सीनेशन करने के लिए फिर से वैक्सिनेशन महाअभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होने दूसरा डोज लगाने से छुटे हुए लोगों की लिस्टींग करके वैक्सिनेशन ड्राइव के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होने फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रिकॉशन डोज लगाने के लिए जनपद पंचायत सीईओ एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधीश ने कहा कि फसल बुवाई के पहले खुले में पशुओं के चराई को रोककर फसलों को पशुओं से बचाने के लिए इस वर्ष भी रोका-छेका कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर ने जनचौपाल के दौरान सुनी लोगों की समस्याएं

विभिन्न विभागों से संबंधित मिले 79 आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों से रुबरु होकर उनकी समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर के दृष्टि.सभाकक्ष में आयोजित आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात कार्यक्रम जनचौपाल आयोजित किया गया जिसमें दूर-दराज से आये लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 79 आवेदन प्रस्तुत किये। प्राप्त

आवेदनों में ग्राम बहरबोड़ निवासी बिसौहा ने वृद्धापेंशन का लाभ दिलाने,हीरा बाई ने परियोजना खण्डसरा के अन्तर्गत सिंघनपुरी आंबा केन्द्र में कार्यकर्ता भर्ती संबंधित दावा आपत्ति प्रस्तुत करने के बाद कोई कार्यवाही नहीं होने की शिकायत की, ग्राम बेरा निवासी दीनू वर्मा ने कृषि भूमि से लगे शासकीय परिया पर पानी निकासी रास्ता बाधित करने वाले पर कार्यवही के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये है। ग्राम सुरहोली कुसमी बेरला के बिरेन्द्र साहू ने पटवारी द्वारा जमीन को दूसरे के नाम पर दर्ज करने की शिकायत कीए ग्राम करेली पंचायत चंडी निवासी बिरमबाई घृतलहरे ने ग्रा.पं. सचिव द्वारा बीपीएल राशन कार्ड नहीं बनाने, ग्राम गर्रा के ग्रामीणों ने पानी टंकी एवं बाउण्ड्री वॉल निर्माण की मजदूरी भुगतान दिलाने, ग्राम पंचायत मऊ के सरपंच अगेश्वर साहू ने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी टंकी का निर्माण कर नल कनेक्शन देनेए ग्राम तारेगांव के मनोज कुमार ने ग्राम पंचायत रुसे में बरती गई अनियमितता के लिए जिला स्तरीय जांच दल गठन करने के संबंध में, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि न्याय योजनांतर्गत पंजीयन करानेए शासकीय भूमि में अतिक्रमण हटवाने, ग्राम नवलपुर के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री फ सल बीमा की राशि भुगतान कराये जाने की मांग की, इसके अलावा अन्य ग्रामीणों ने भूमि सीमांकन करवाने, राशन कार्ड बनाने, समूह की ऋण माफीए प्रधानमंत्री आवास दिलाने, साजा विकासखण्ड के ग्राम बोरतरा के लोगों ने आजद क्रिएटिव आर्गेनाइजेशन समिति द्वारा कार्य की राशि दिलाने की मांग की।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाये जाने, आदि से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार इसका निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि तकनीकि कारणों से आवेदनों का निराकरण नहीं हो पा रहा हो तो इसकी सूचना संबंधित आवेदक को भी दी जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल आजपेयी, जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश वर्मा, बेरला संदीप ठाकुर, नवागढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

योग को जीवन का आधार बनाने हर जगह हर घर योग प्राणायाम

विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कर्मचारी वकील बच्चे बूढ़े सभी ने किया योग

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

विश्व योग दिवस पर देवभोग में हर संस्थान में लोग योगा करते दिखे इसबार योग का थीम मानवता के लिये योग था। स्कुल, कालेज, न्यायलय में सभी ने योग प्राणायाम किया। वही गरियाबंद मुखायालय में भी जिला स्तर पर जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव और एसपी जे.आर. ठाकुर सहित बच्चे और स्थानीय जनप्रतिनिधीयों ने योग किया इस अवसर पर सभी ने योग को जीवन का आधार बताया।

अधिवक्ता के साथ न्यायधीश ने न्यायलय परिसर में किया योग

उच्च न्यायलय व जिला एवं सत्र न्यायलय के निर्देश पर व्यवहार न्यायलय देवभोग में न्यायधीश किरण पन्ना सहित अधिवक्तागण और न्यायलय के स्टाप मौजूद थे और सभी ने योग और प्राणायाम किया।न्यायलय में योग शिक्षक के रूप में लक्ष्मीनारायण अवस्थी ने योग शिक्षा दिया।

शासकीय अशासकीय स्कुलों में बच्चों के साथ योग

हायर सेकण्डरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद इंगलिश स्कूल, प्राथमिक शाला खुटगांव में शिक्षकों ने बच्चों के साथ योग प्राणायाम किया। खुटगांव प्राथमिक स्कुल में उपस्वास्थ्य केन्द्र के सीएचओ नमिता यादव ने हेल्थ और योग के विषय विस्तृत जानकारी दिया तो वही हायर सेकण्डरी स्कुल में प्राचार्य नेपाल यदु और स्वामी आत्मानंद इंगलिश स्कुल मे प्राचार्य गिरीश बेहेरा ने योग पर स्कूलों में अच्छी तैयारी की थी। विधायक भाजपाईयो के साथ भाजपा कार्यालय में किया योग विन्द्रानवागढ विधायक डमरूधर पुजारी सहित भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप चंद्रशेखर सोनवानी,मण्डल अध्यक्ष लुद्रास साहू, जितेन्द्र मांझी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही बाबा उदय नाथ माहुलकोट के चैतन्य धाम में अपने सौ से अधिक अनुयायी और वरिष्ट।

सके धकाते सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे

जिले से बालिग-नाबालिग आधा दर्जन महिलायें हुई गुम,एक युवक लापता

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र की रहने वाली आधा दर्जन अव्यस्क-व्यस्क युवतियॉ अपने परिजनों को बिना कुछ बताये घर से कही चली गई है। अलावा इसके एक 19 वर्षीय ग्रामीण युवक भी लापता हो गया है। सातो सूचनाओं पर पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर पतासाजी में लिया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बेमचा निवासी ढेलूराम निषाद की नाबालिग बेटी नीतू 19 जून को घर से बिना कुछ बताये कही चली गई है। ढेलूराम ने उसकी बेटी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फु सलाकर ले जाने की आशंका जताई है। महासमुंद मुख्यालय में अयोध्या नगर निवासी ममता सोनवानी 23, भी घर से कहा चली गई। परिजनों को इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। ममता 12वी तक पढ़ी है। हिन्दी और छत्तीसगढ़ी बोलती है। 20 जून को ही झलप के सूरेश अग्रवाल द्वारा पटेवा पुलिस को दी गई सूचना में बताया गया है कि थाना क्षेत्र के ग्राम झलप की रहने वाली स्व.चंदूलाल अग्रवाल की बेवा 85 वर्षीय प्रेमलता अग्रवाल बीते 16 जून को घर से बिना बताये कहीं चली गई है।

लायंस स्कूल सीतामढ़ी एवं टी.पी. नगर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा संचालित लायंस स्कूल द्वय सीतामढ़ी एवं टी.पी. नगर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को योग का अभ्यास कराया गया एवं योगा से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दिया गया, साथ ही सभी बच्चों को प्रतिदिन सुबह योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायंस क्लब की अध्यक्षा लायन कामायनी दुबे, सचिव लायन मधु पाण्डेय, कोषाध्यक्ष लायन शहनाज शेख, स्कूल चेयरमेन एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता) एवं लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, सचिव लायन पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं लायन मधु पाण्डेय, कोषाध्यक्ष लायन अमरेश सिंघानिया एवं लायन दीपक माखीजा, प्रिंसिपल रमेश शर्मा एवं जी.आर.हंस सहित सभी टीचर्स एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

योग को अपने जीवन में शामिल करें महिला आयोग अध्यक्ष-डॉ. किरणमयी नायक

कलेक्टर ने एनीमिया मुक्त जशपुर जिला बनाने की अपील की

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जशपुर जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में किया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने जिला स्तरीय योगाभ्यास का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी लोगों को अपने नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करने का आग्रह किया। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ केएस मंडावी कृष्णा राय, स्कूली बच्चे, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में आम नागरिकगण

उपस्थित थे। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने जिला स्तरीय योग कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग से हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहता है प्रतिदिन योग करने से हमारी बहुत सारी बिमारियां दूर होती है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन पर योग का विशेष प्रभाव पड़ता है। जिससे हमारे सोचने, समझने की शक्ति विकसित होती है। सही निर्णय लेने की क्षमता आती है, हमारा मन शांत रहता है और शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा की जिले में समर कैंप के दौरान बच्चों को योगाभ्यास नियमित कराया गया साथ ही सभी स्कूलों और आश्रम-छात्रावास में भी बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। समर कैंप के दौरान योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जिले को एनीमिया मुक्त जशपुर बनाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है कैम्प लगाकर किशोरी बालिकाओं और महिलाओं का खून जांच किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा की बालिकाओं और महिलाओं को अपना हिमोग्लोबिन जांच अनिवार्य रूप कराने का आग्रह किया है। जिनका हिमोग्लोबिन 12 ग्राम से कम है तो अपने खान.पान का विशेष ध्यान रखते हुए पौष्टिक आहार प्रतिदिन ले। ताकि जशपुर जिले को एनीमिया मुक्त जिला बनाया जा सके।

एक नजर

जल जीवन मिशन की बैठक में मिली योजनाओं को स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के महानदी सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने रेट्रोफि टिंग जलप्रदाय योजना, सिंगल विलेज पेयजल योजना की कार्य.प्रगति की जानकारी ली। बैठक में तकनीकी स्वीकृति प्राप्त 15 सिंगल विलेज एवं 03 सोलर आधारित योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत 01 रेट्रोफि टिंग, 25 सिंगल विलेज योजनाओं के लिए आमंत्रित ऑनलाइन निविदावार प्राप्त न्यूनतम दरों का अनुमोदन किया गया।

कलेक्टर एवं एसपी ने ली जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मुख्यमंत्री छ.ग. शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार टीएल बैठक के पूर्व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की जा रही है इसी क्रम में 21 जून 2022 दिन मंगलवार को संयुक्त कार्यालय बेमेतरा के सभाकक्ष में जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोसकर संदीपान एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा कानून/सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया गया। जिसमें बेमेतरा जिले की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ लीना मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी राजेश कुमार झा, बेमेतरा एसडीएम दुर्गेश वर्मा, नवागढ़ एसडीएम प्रवीण तीवारी, बेरला एसडीएम संदीप ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर युगल किशोर उर्वशा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना चौकी प्रभारियों सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

योगाभ्यास से रोगों से रहा जा सकता है दूर - डॉ.लक्ष्मी ध्रुव

धमतरी । आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आज देश, प्रदेश सहित जिले में भी सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिला स्तर पर विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित नगरनिगम के सामुदायिक भवन परिसर में सुबह 7 से 8 बजे तक आयोजित सामुदायिक योगाभ्यास में बतौर मुख्य अतिथि सिहावा विधायक और उपाध्यक्ष, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने हिस्सा लेते हुए कहा कि योगाभ्यास के जरिए अनेक रोग से बचा जा सकता है। यह शरीर को लचीला बनाने के साथ ही निरोग रखने में भी सहायक होता है। अत: सभी को योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी योग प्रशिक्षण देकर बच्चों को स्वस्थ रहने प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिक निगम धमतरी के महापौर विजय देवांगन ने भी योग से निरोग रहने की सलाह लोगों को दी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर ने सबको अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

ज्ञात हो कि आयुष विभाग से योग गुरू डॉ. दिनेश नाग और डॉ.रेवती नेताम द्वारा आज उपस्थितों को योग के विभिन्न आसन सिखाए गए।

खिलोरा में किया गया स्काउट गाइड कार्यशाला सह योग शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बेमेतरा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार स्काउट गाइड रोवर रेंजर राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार कार्यशाला का आयोजन 19 से 21 जून 2022 तक शासकीय हाई स्कूल खिलोरा विकासखण्ड जिला बेमेतरा में किया गया। स्काउट गाइड रोवर-रेंजर पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण एवं योग शिविर में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा इंडियन पब्लिक स्कूल बेमेतरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खंडसरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलाईकुड़ा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुनरबोड, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

कठियारांका, शासकीय हाई स्कूल लावातरा, शासकीय हाई स्कूल तेंदुवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नांदघाट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक नवागढ़, शासकीय हाई स्कूल घूरसेनाए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुटपुरा, राजीव ओपन रोवर,बेमेतरा, मां भद्रकाली ओपन रेंजर टीम बेमेतरा से कुल 120 प्रतिभागी तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित हुए। जिसमें शिविर संचालक एवं प्रशिक्षक के रूप में जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट महेश कुमार साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनी रेड्डी, जिला सचिव सत्यनारायण साहू, विकासखंड सचिव हिरऊ राम ध्रुव, विकासखंड सचिव अमित कुमार क्षत्रिय, वरिष्ठ स्काउटर रेवाराम साहू, परमेश्वर साहू, अनुज राम साहू, वरिष्ठ गाईडर उर्मिला दिवाकर भगवंती देवांगन जलवति साहू एवं अजय दुबे राजकुमार साहू नारायण कृष्ण ममता चंद्राकर उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला संगठन आयुक्त स्काउट धनुष सिन्हा द्वारा दिया गया। जिला संघ ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला प्रशासन की ओर से 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम बेमेतरा में किया गया जिसमें जिले के स्काउट गाइड रोवर रेंजर स्काउटर गाईडर सम्मिलित हुए।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर वन टाइम यूज पॉलिथीन वैन करने का अभियान चलाया गया

शंकर मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नो सिंगल यूज प्लास्टिक का आह्वान किया है तो यहां जिले भर में इस अभियान में पॉलिथीन बेचने व प्रयोग करने वाले अड़ंगा बने हुए हैं। नियम कानून ताक पर रख शहर में हर दुकान पर इसका प्रयोग किया जा रहा है। पॉलिथीन सड़क से लेकर कचरे के ढेर तक में धड़ल्ले से दिख रही है। दुकानों पर भी धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। कहीं किसी प्रकार का प्रतिबंध यहां नहीं दिख रहा है। 15 जुलाई 2018 को प्रदेश में प्लास्टिक की बिक्री व प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग गया है। लेकिन दो चार दिनों तक चले अभियान के बाद फिर उसी ढर्रे पर बिक्री व प्रयोग होने लगा है।

आदत से बाज नहीं आ रहे स्थानीय व्यपारी

शहर के बसस्टैंड चौराहा, होटल और फ ल दुकानें लगी हुई हैं। ग्राहक दुकानों से सामान खरीद रहे थे और दुकानदार सामान को झोले के बजाय पॉलिथीन में दे रहा था। दुकानदार अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं और ग्राहक सामान पॉलिथीन में लेकर घर जा रहे हैं। एक ग्राहक से इस संबंध में पूछा गया तो उसने कहा कि दुकानदार से झोला मांगने पर नहीं मिलता है। मजबूरी में सामान पॉलिथीन में ले जाना पड़ता है।

नपा का पॉलिथीन हटाने का दावा हवा हवाई

विगत वर्ष 15 जुलाई 2018 को प्रदेश में प्लास्टिक हटाओं अभियान की शुरुआत हुई थी। आननं-फानन शासन को दिखाने के लिए एक.दो जगह छापा मारने की कार्रवाई भी गई। लेकिन इसमें कुछ विशेष हाथ नहीं लगा। कुछ लोगों का चालान भी किया गया। फिर भी दुकानदार सुधरने का नाम का नाम नहीं ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के मौके पर वन टाइम यूज पॉलिथीन वैन करने का अभियान चलाने के लिए जिले के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की थी। पटरी दुकानदारों को झोला बांटकर अभियान को आगे बढ़ाया था। लेकिन नपाप और स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी दो-चार दिनों से जनजागरण और मीटिंग पर मीटिंग करते रहे। लेकिन पॉलिथीन पर रोक के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।

सड़क पर पड़े पॉलिथीन को निवाला बना रहे बेजुबान

शहर में सड़क के किनारे लगे कूड़े का ढेर और राह चलते लोगों के द्वारा खाने की सामग्री का प्रयोग करने के बाद फेंक देना छुट्टा पशुओं के लिए घातक साबित हो रहा है। चारे की तलाश में जब पशु इधर-उधर भटकते हैं तब खाद्य पदार्थों का पॉलिथीन में होना उनके मौत का कारण बन जाता है। शहर में लोगों की माने तो गली-गली एक बार यूज का पॉलिथीन फेंक दिया जाता है। वो न सफाई कर्मी उठाता है न ही वो समाप्त हो जाता है। शहर की नालियां इसी पॉलिथीन के कारण आये दिन चोक रहती हैं। जिससे होटल, फ ल की दुकान और किराना की दुकानों पर पॉलिथीन खुलेआम ग्राहकों को दिया जा रहा है। इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

मनरेगा शाखा के 21 एपीओ के शीघ्र बहाली सपोर्ट में मनरेगा कर्मियों का वृक्षारोपण

हड़ताल अवधि में प्रदेशभर के 21 एडिशनल परियोजना अधिकारियों की हुयी थी बर्खास्तगी

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

छः मई से माहभर से अधिक समय अपनी मांगो को लेकर मनरेगा कर्मीयो ने सरकार से लंबी लड़ाई लड़ी थी। राज्य शासन ने एक साथ 21 जिलों के 21 एपीओ को बर्खास्त कर दिया। जिनकी बहाली अभी तक नही हुयी है हालांकि शासन स्तर पर इनके बहाली को प्रोसेस शुरू हो गया है। जिस समय इनकी बर्खास्तगी हुयी उस समय शासन के कडे निर्देश के बाद सभी मनरेगा कर्मीयो ने ज्वाइनिंग ले लिया पर बर्खास्त एपीओ आज भी घर पर बैठे रह गये।

बहाली के सपोर्ट मे किया वृक्षारोपण

प्रदेश मनरेगा कर्मचारी संघ के निर्देश पर देवभोग मनरेगा कर्मचारियों ने बहाली के सपोर्ट में जनपद परिसर के पार्क में वृक्षारोपण कर शीघ्र बहाली के लिये कामना किया वही इस अवसर पर प्रभारी एपीओ शिवकुमार नारंगे,तकनिकी सहायक खुबलाल ध्रुव, योगेश सेन,ज्योति देवांगन, उपासन ध्रुव देहुति आलेंन्द्र सहित सभी आपरेटर और मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

जलजीवन मिशन के कार्यो की कलेक्टर ने समीक्षा की

प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की

धमतरी । कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने आज सुबह जलजीवन मिशन की बैठक लेकर रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना, सिंगल विलेज योजना, सोलर आधारित योजना तथा समूह जलप्रदाय योजना की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान तीन एजेण्डों पर प्रस्तावों का कलेक्टर ने अनुमोदन दिया। उन्होंने इन योजनाओं की गुणवत्ता पर निगाह रखने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सतत् दौरा कर मैदानी स्तर पर समीक्षा करने और संबद्ध विभाग से समन्वय स्थापित कर समाधानकारक हल निकालने के लिए विभाग के कार्यपालन अभियंता एसआर सोनकुसरे को निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक में कार्यपालन अभियंता ने कलेक्टर के समक्ष तीन एजेण्डों के अनुमोदन पर प्रस्ताव रखते हुए बताया कि सिंगल विलेज जलप्रदाय योजना की 30 योजनाओं की अनुबंधित लागत योजना की प्रशासकीय स्वीकृति राशि से अधिक होने के कारण उनकी पुनरीक्षित स्वीकृति के लिए प्रस्ताव रखा।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग का आयोजन योग से जीवन में आती है सकारात्मकता - एसडीएम

कई जगह लोग इकट्ठा होकर योग दिवस पर योग करते नजर आये

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महामाया देवी मंदिर परिसर के भागवत मंच में वृहद योग शिविर का आयोजन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम कोटा एसडीएम व नगरपालिका सीएमओ सिंह रहे उपस्थित एसडीएम ने कहा कि योग से जीवन में सकारात्मकता आती है। योग शक्ति है आत्मविश्वास जागृत करने की। योगाभ्यास से व्यक्ति में प्रत्येक प्राणी के प्रति मानवता का भाव उत्पन्न होता है। इसलिए इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ष्मानवता के लिए योग, पर केन्द्रित किया गया है। रतनपुर स्थित मां महामाया देवी मंदिर परिसर के भागवत मंच में वृहद योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूली छात्र, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम रात्रे व पार्षद हकीम मोहम्मद और नगर पालिका सफाई कर्मचारी, सहित बड़ी संख्या में नगर के लोग भाग लिए और योग सीखे। वही रतनपुर स्थित हाथी किला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया और रतनपुर सभी स्कूल और कॉलेजों में छात्रा छात्राये बड़ी संख्या में योग शिविर में भाग लिए।

दिव्यांग शिल्पी ने भेंट में दी कलेक्टर को काष्ठ कृति

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

काष्ठ शिल्पकार दिलहरण सिन्हा ने आज कलेक्टर जनदर्शन के दौरान कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर को छत्तीसगढ़ राजगीत लिखा खम्हार लकड़ी का बोर्ड भेंट किया। कलेक्टर ने उनका शुक्रिया अदा किया और उनके कला की तारीफ की। दिलहरण के साथ उनकी पत्नी कलिंद्री साथ थी। वे राजधानी रायपुर से आए थे। कलेक्टर के पूछने पर उन्होंने बताया कि पहले वो राज्य के विभिन्न शहरों में सड़क किनारें लकड़ी द्वारा निर्मित चाबी की रिंग बेचा करते थे। बाद में प्रशिक्षण लेकर विभिन्न रचनाकारों, साहित्यकारों के साथ ही छत्तीसगढ़ राजगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत आदि को काष्ठ से बने अक्षरों को सृजित करते है। उन्होंने अब तक विधानसभा अध्यक्ष से लेकर अलग-अलग जिलों में ऐसे ही लकड़ी बोर्ड भेंट किए हैं। कलेक्टर क्षीरसागर ने दिलहरण के कौशल की प्रशंसा की साथ ही अधिकारियों को भी जरूरत के मुताबिक इसी तरह से काष्ठ बोर्ड बनवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी लोक कला, लोक संस्कृति एवं लोक गायन के कलाकारों के विकास की उन्नति के लिए सतत् प्रयास कर रही है। ऐसे हुनरमंदों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। ताकि ऐसे हुनरमंद कलाकार शिल्पकारों की कला को व्यवसाय मिल सके।

महाविद्यालय नवागढ़ में मनाया गया विश्व योग दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

नवागढ़ विधानसभा का एकमात्र महाविद्यालय शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता नारा लेखन पोस्टर चित्रकला भाषण प्रश्न मंच आदि शामिल रहे इस अवसर पर महाविद्यालय नवागढ़ की सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र दुर्गा सोनी सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी नीलम दीपक सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र संतोष कुमार साहू असिस्टेंट ग्रंथपाल हेमा साहू अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान महेंद्र साहू मुख्य रूप से चयन समिति में रहे। जिससे छात्र-छात्राएं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमें मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं में महाविद्यालय मीडिया प्रभारी परमेश्वर पात्रे अजीत चतुर्वेदी शिखा गेडाम भारती दुबे अनिल सुशील विजय सुनील गायत्री संतोषी पिया कोसले अरुणा रात्रे ज्योति राजपूत लालाराम निखिल चौबे सुनीति जैन पूजा बघेल आदि लोग शामिल रहे अंत में परमेश्वर पात्रे ने बताया की इस किस्म के आयोजन से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास में सहायता मिलती हैं। व पढ़ाई के अलावा छात्र-छात्राओं को अन्य गतिविधियों में भी निपुणता मिलती है जिसके लिए आयोजन महत्वपूर्ण होता है।

एक नजर

आनंदगांव हायर सेकेण्डरी स्कूल में किताबें बांट एवं तिलक लगाकर मनाया शाला प्रवेशोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेरला नए शिक्षा सत्र 2022-23 के लिए नव प्रवेश ही छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव मनाते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में बच्चों को किताबें एवं तिलक लगाकर प्रवेशोत्सव मनाया गया। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत आनंद गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कूली बच्चों का प्रवेश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे।

स्कूल, आश्रम, छात्रावास में विद्यार्थियों ने योगा का अभ्यास किया

लोगों ने भी अपने-अपने घरों में योग किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों के स्कूल, आश्रम, छात्रावासा के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों ने अपने-अपने घर में योगा का अभ्यास किया। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा की प्रतिदिन सुबह नियमित अपने घरों में योगा का अभ्यास करें, इससे शरीर और मन स्वस्थ्य रहता है। और शरीर में दिन भर ताजगी बनी रहती है। 21 जून को आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी विकासखंड के विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने प्रणामासन, हस्त उत्तनासन, पादहस्तासन, अश्व संचालनासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन सहित अन्य कई प्रकार से योगाभ्यास किए।

नगरीय निकायों में गोबर का समुचित संग्रहण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

गोधन न्याय योजना की बैठक लेकर की गई गहन समीक्षा

धमतरी । कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज सुबह गोधन न्याय योजना की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों को सतत् गोबर खरीदी एवं वर्मी खाद निर्माण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह देखने में आया है कि नगरीय निकायों में यत्र-तत्र गोबर पड़ा रहता है, यानी नगरीय क्षेत्रों में गोबर का समुचित ढंग से संग्रहण नहीं हो रहा है। उन्होंने इस पर ध्यान देते हुए गोबर संग्रहित कराने और गुणवत्तायुक्त वर्मी खाद तैयार करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आज सुबह कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार एवं गौठानवार समीक्षा करते हुए गोबर संग्रहण और वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट के उत्पादन का संतुलन बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।

भूमि सीमांकन पर राजस्व विभाग की मनमानी से मुनगासेर के ग्रामीण नाराज

जन-चौपाल में पहुंची जनता, रखी पुनः सीमांकन की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

गांव में पानी टंकी निर्माण के लिए दो गांव के बीच चल रहे सीमा विवाद के मामले को लेकर ग्रामीण आज कलेक्टर जनचौपाल पहुंचे। ग्रामीणों ने सीमा विवाद को समाप्त करने राजस्व विभाग द्वारा किए गए सीमांकन में मनमर्जी किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नई टीम गठित कर फिर से सीमांकन कराए जाने की मांग की है। जनचौपाल में शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने सौंपे ज्ञापन में कहा है कि विगत 9 जून को उनकी मांग पर गठित 7 सदस्यीय टीम की मौजूदगी में राजस्व विभाग से सीमांकन के लिए पहुंची टीम ने सीमांकन के लिए चांदे का उपयोग नहीं किया। गठित टीम द्वारा चांदे से सीमांकन किए जाने की अपील के बाद भी टीम ने अपनी मर्जी से सीमांकन छोड़कर चली गई। उनका कहना है कि सीमांकन के लिए फिर से नई टीम गठित कर भेजी जाए और नियमानुसार गांव की सीमा का सीमांकन किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सीमांकन के दौरान सरपंच पंच भी मौजूद नहीं थे।

विवाद से अधर में, पानी टंकी का निर्माण

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत मुनगासेर का आश्रित ग्राम गुडेलाभांठा है। गांव के लिए पानी टंकी निर्माण की स्वीकृति मिली है जिसे लेकर उक्त दोनों गांव के ग्रामीणों के बीच जमीन विवाद चल रहा है। शिकायतकर्ता ग्रामीणों का कहना है कि आश्रित गांव के लिए जिस जगह पर टंकी निर्माण कराना चाह रहे हैं उससे रास्ता प्रभावित हो जाएगा। इसलिए वे सीमांकन करान के बाद निर्माण को लेकर अड़े है।

खाद-बीज की किल्लत को लेकर किसान हलाकान

सरकार ने की किसानों से धोखाधड़ी-भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के किसानों को एक बार फिर से यूरिया कमी और अमानक बीज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जिले के अधिकांश क्षेत्रवें से यूरिया किल्लत की समस्या सामने आ रही है।

यूरिया नहीं मिलने के कारण किसान सोसायटी और दुकानों के चक्कर काट रहे है। जहां समय पर यूरिया नहीं मिलने पर किसान फसल की पैदावार पर असर न पड़े जिसके लिए कर्ज लेकर दुगुने व तिगुने दाम पर सामग्री खरीदने को मजबूर हो गए है। वहीं अमानक खराब बीज मिलने से भी किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंगई है। बता दें कि किसान खरीफ फसल का कार्य 10 से 15 जून के बीच शुरू कर देते है। और इस बीच खेती में उपयोग आने वाली यूरिया खाद, डीएपी राखड़ व पोटाश मिल जाए तो किसान आसानी से अपनी खेती बाड़ी के कार्य को कर लेते है। जिससे इन्हें काफी फायदा भी होता है लेकिन महासमुंद जिले के अधिकाशं क्षेत्रों में खाद बीज की कमी होने लगी है या यूं कहें कि खाद मिल ही नहीं रही है। किसान अपनी खेतों को पूर्ण रूप से तैयार कर चुके है लेकिन खेतों में डालने वाले बीज भी अब उनको खराब किस्म के मिल रहे है। जिससे दुगुना नुकसान किसानों को झेलना पड़ रहा है। लेकिन, अब तक किसानों को कोई खाद या अच्छे किस्म के बीज क मिलने का कोई आशंका नजर नही आ रहा है। किसानों के हित में बात करने वाली सरकार आज प्रशासन, व अन्य ठेकेदारों से मिलीभगत के चलते सहकारी समितियों में मिलने वाले 267 रुपये के यूरिया खाद को खुले बाजार से 600 रुपये से अधिक में खरीद रहे हैं। इसी प्रकार 1200 रुपये का डीएपी 1600 रूपये, 1700 रुपये, 340 रुपये का राखड़ 500 रुपये और 1000 रुपये में बिकने वाला पोटाश 1500 रुपये में बेचा जा रहा है। साथ ही कुछ सोसायटी में किसानों को जो धान बीज मिल रहा है वो भी अमानक तौर पर खराब हैं जिससे किसानो को नुकसान के साथ बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ अब परेशान किसान अब शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मदद की गुहार लगा रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने भी सरकार पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in